2. सच्चा दोस्त

प्रश्न :

1. चित्र में क्या-क्या दिखायी दे रहे हैं?
2. पेड़ के बारे में कुछ वाक्य बोलो।

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।



एक पेड़ था। उसका एक दोस्त था। उसका नाम अमर था। दोनों आपस में बहुत प्यार करते थे। हर रोज़ अमर पेड़ के पास जाता था। उसके फल खाता था। उसके पत्ते इकट्ठा करता था। इन पत्तों की माला बनाता था। पेड़ के तने पर चढ़ता था। उसकी शाखाओं से झूलता था। दोनों आपस में आँख मिचौनी खेलते थे। जब वह थक जाता तो पेड़ की छाया में सो जाता। इस तरह दोनों बहुत खुश थे।

समय बीतता गया। अमर बड़ा हो गया। वह नौकरी की तलाश में शहर जाना चाहता था। बीच में नदी थी। उसने सोचा नदी को कैसे पार करूँ?

सोचते हुए पेड़ के पास गया। पेड़ को अपनी समस्या बतायी। पेड़ ने कहा - ''मेरी शाखाएँ काटो। नाव बना लो।'' अमर ने वैसा ही किया। अमर शहर चला गया। वहाँ खूब पैसा कमाया। गाँव लौटा। गाँव लौटने के कुछ दिन पहले उसके गाँव में तूफ़ान आया था। अमर का घर टूट गया था। वह पेड़ के पास पहुँचा। पेड़ ने कहा - ''मेरा तना काटकर अपना घर बना लो।'' अमर ने वैसा ही किया।

बहुत समय बीत गया। अब अमर बूढ़ा हो गया था। वह सर्दी में काँपते हुए पेड़ के पास पहुँचा। पेड़ ने कहा - ''मेरी सूखी लकड़ियाँ जलाकर अपनी सर्दी भगाओ।'' अमर ने वैसा ही किया।

इस तरह पेड़ ने अपनी सच्ची दोस्ती निभायी। अपना सब कुछ दान कर दिया। अपने सच्चे दोस्त को खोकर अमर बड़ा दुखी हुआ। उसने पेड़ लगाने का निर्णय लिया।



© SCERT not to be republished



सुनो-बोलो



1. अमर और पेड़ की दोस्ती के बारे में बोलो?
2. पेड़ हमारा सच्चा दोस्त है। कैसे?
3. पेड़ की जगह तुम होते तो क्या करते?

पढ़ो

(अ) नीचे दिये गये वाक्यों को क्रम से लगाओ।

- इस तरह पेड़ ने सच्ची दोस्ती निभायी। (   )
- अमर का घर टूट गया। (   )
- उसका एक दोस्त था। (   )
- सब कुछ दान कर दिया। (1)
- मेरी शाखाएँ काटो, नाव बना लो। (   )

© SCERT not to be republished

लिखो

(अ) पेड़ से हमें क्या-क्या लाभ हैं?

....

....

....

(आ) पेड़ ने अमर को शहर जाने में कैसे सहायता की?

....

....

....

(इ) इस कहानी का नाम 'सच्चा दोस्त' क्यों रखा गया है?

....

....

....

शब्द भंडार

(अ) निम्न शब्दों के अर्थ गुब्बारों से चुनकर लिखो।

दोस्ती =	पेड़ =
तलाश =	माला =
इकट्ठा =	

© SCERT not to be republished

(आ) निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ। जैसे :- शेर जंगल में रहता है।

दोस्ती	इकट्ठा	जंगल
शाखाएँ	तलाश	

(इ) इन शब्दों को अलग करो।

खिड़की	गिलास	मेज	कलम	पंखा
बल्ला	किताब	कुर्सी	थैली	दरवाजा



लकड़ी से बनी वस्तुएँ	अन्य वस्तुएँ

भाषा की बात

(अ) समझो-पढ़ो।

एक पेड़ - कई पेड़	एक फल - कई फल
एक फूल - कई फूल	एक शहर - कई शहर
एक घर - कई घर	एक गाँव - कई गाँव



सृजनात्मक अभिव्यक्ति

(अ) निम्न संकेतों के आधार पर पेड़ के बारे में लिखो।



© SCERT not to be republished

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ।		
2. पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता हूँ।		
3. पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिख सकता हूँ।		
4. पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ।		

पेड़-पौधे लगाओ-देश हरा-भरा बनाओ।

SCERT Telangana Published

अगर पेड़ भी चलते होते



अगर पेड़ भी चलते होते,
कितने मज़े हमारे होते।

बाँध तने से उसके रस्सी,
जहाँ कहीं भी हम चल देते।

अगर कहीं पर धूप सताती,
उसके नीचे हम छिप जाते।

भूख सताती अगर अचानक,
तोड़ मधुर फल उसके खाते।

आती कीचड़-बाढ़ कहीं तो,
ऊपर उसके झट चढ़ जाते।

-- दिविक रमेश

©SCERT not to be republished